हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4


सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटी मजदूर की बेटी का हुआ स्वागत



## खबर संक्षेप

### ड्राइविंग लाइसेंस और आरसीबुक अब घर पर मिलेंगे

**कोरबा।** तुंहर सरकार तुंहर द्वार योजना के अंतर्गत परिवहन विभाग आम लोगों को घर पहुंच सेवा दे रहा है। इससे परिवहन विभाग में एजेंटों के चक्कर से लोगों को छुटकारा मिलेगा। सैकड़ों रुपए के शासकीय शुल्क में मिलने वाले सेवा के लिए हजारों रुपए चुकाने से भी लोग निजात पाएंगे। प्रदेश सरकार की इस मंशा को आगे बढ़ाते हुए परिवहन विभाग द्वारा कुशल और समयबद्ध तरीके से स्मार्ट कार्ड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) सीधे आवेदकों के घर के पते पर पहुंचाए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को शासकीय दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इस योजना के क्रियान्वयन से परिवहन प्रणाली में न केवल सुधार हो रहा है, बल्कि नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। वाहन स्वामियों को अब आवश्यक दस्तावेजों के परीक्षण के बाद बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज दिए जा रहे हैं।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीकरण 10 तक

**कोरबा।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया जो 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक थी अब उसकी अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत अग्निवीर केटेगरी (अग्निवीर पुरूष जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन-दसवीं), ट्रेडमैन (आठवी), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर (नर्सिंग सहायक, सिपाही, फार्मा, हवलदार सेना शिक्षा तथा धर्म शिक्षक) के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक तथा योग्य पुरूष अथवा महिला उम्मीदवार वेबसाईट पर उपलब्ध विभिन्न पदों की अर्हता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

### शव लेकर जा रही एंबुलेंस पलटी ग्रामीणों ने की मदद

**कोरबा।** एक निजी अस्पताल से शव लेकर जा रही एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा रजगामार रोड स्थित आमाडांड़ गांव के पास मुख्य मार्ग पर हुआ। एम्बुलेंस कोरबा से रायगढ़ जिले के छाल जा रही थी। हादसे में वाहन में सवार चार लोग बाल-बाल बच गए, जबकि शव वाहन के अंदर ही फंसा रहा। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और वाहन के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और वाहन के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने जेसीबी वाहन की मदद से पलटी हुई एम्बुलेंस को सीधा किया। बताया जा रहा है कि एम्बुलेंस का चालक शराब के नशे में धुत था। तेज रफ्तार के कारण वह सड़क पर पड़ी गिट्टी को देख नहीं पाया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद तत्काल दूसरी एम्बुलेंस बुलाई गई। शव को दूसरे वाहन में स्थानांतरित किया गया। बताया गया कि हादसे के कारण शव के सिर से खून निकलने लगा था।

### स्वास्थ्य विभाग की लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**कोरबा।** गर्मी का मौसम दस्तक दे चुका है और सूरज की तपिश दिन-ब-दिन तीखी होती जा रही है। ऐसे में जिले में लू का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है, जिसमें आम नागरिकों से आवश्यक सावधानियां अपनाने का आग्रह किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के अनुसार, तेज धूप और शुष्क वातावरण में जब शरीर का तापमान असंतुलित हो जाता है, तो शरीर में पानी और आवश्यक खनिज लवणों की गंभीर कमी हो जाती है इसी स्थिति को लू या हीट-स्ट्रोक कहते हैं। यह स्थिति जानलेवा भी हो सकती है।

# जल संरक्षण के लिए अब पंचायतों को अपने मद से करना होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मनरेगा के बंद होने के बाद अब जल संरक्षण के लिए ग्रामों में किए जाने वाले छोटे छोटे कार्य पंचायत मद से कराए जाएंगे। पिछले वर्ष राज्य शासन ने 50 लाख तक के कार्य कराए जाने का अधिकार ग्राम पंचायतों को दिए जाने के बाद मूलभूत के सभी कार्य पंचायत मद से कराए जाएंगे। जिनमें डभरी और तालाब गहरीकरण के कार्य भी शामिल हैं। कुछ पंचायतों में गर्मी के दस्तक देते ही गांव की छोटी छोटी डभरी और ढोढ़ी के गहरीकरण और सफाई का कार्य शुरु कर दिया गया है।

जल संरक्षण के लिए अब तक कृषि विभाग से लेकर वन विभाग के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में कार्य किए जाते थे साथ ही बड़े पैमाने पर जल संरक्षण के लिए किए जाने वाले कार्य को मनरेगा से कराया जाता था। जिनमें नए तालाब के निर्माण से लेकर पुराने तालाबों के गहरीकरण कार्य शामिल थे। साथ ही ग्रामीणों के घरों में उनकी मांग के अनुसार कुओं का भी निर्माण कराया जाता था। 1 अप्रैल से मनरेगा के बंद होने के बाद अब जल संरक्षण के कार्य अब ग्राम पंचायतों के हवाले कर दिए गए हैं। वन क्षेत्रों को छोड़कर ग्राम पंचायत अपने सीमा क्षेत्रों में पुराने तालाबों के गहरीकरण और ढोढ़ी की साफ सफाई के साथ उनके जीर्णोद्धार का कार्य अपने पंचायत मद से करना पड़ेगा। पूर्व में यह कार्य जल ग्रहण मिशन के तहत कराया जाता था लेकिन अब ग्राम पंचायतों को इसमें जोड़ दिया गया है। जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले अजगरबहार, कोरकोमा और लेमरु कलस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ढोढ़ी के जीर्णोद्धार और गहरीकरण शुरु कर दिया गया है। ग्राम डोकरमना के अंतर्गत पुरानी ढोढ़ी का जीर्णोद्धार कर गहरीकरण नहीं किया जा रहा है।

### 31 मार्च तक शिक्षा विभाग के पोर्टल में दर्ज किए गए थे कुल आवेदन



#### सर्वे की चल रही तैयारी

ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे भूमिगत स्रोत के सर्वे की तैयारी चल रही है जिनके जल को संग्रहित कर निस्तारी के लायक बनाया जा सके। ऐसे भूमिगत जलस्रोत का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। पहाड़ी नालों के आसपास ऐसे भूमिगत जलस्रोत की खोजकर उन स्थलों में भी छोटे छोटे डभरी और ढोढ़ी का निर्माण कराया जाएगा। जहां भूमिगत जलस्रोत और वर्षा के जल को संग्रहित किया जा सके। पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में भूजल में गिरावट देखी जा रही है। जिसके मद्देनजर जल संरक्षण के लिए छोटे छोटे अधोसंरचना के कार्य आवश्यक कर दिए गए हैं।


31 मार्च तक शिक्षा विभाग के पोर्टल में दर्ज किए गए थे कुल आवेदन


# आरटीई की 777 सीटों में प्रवेश के लिए 23 सौ छात्रों ने की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 3 सौ निजी स्कूलों की 777 आरटीई के सीटों के लिए 2300 आवेदन शिक्षा विभाग के आरटीई पोर्टल में दर्ज हो चुके हैं। 31 मार्च आवेदन की अंतिम तिथि तय की गई थी। वहीं प्रवेश की प्रक्रिया 30 अप्रेल तक पूर्ण करना है। आरटीई के प्रवेश प्रक्रिया के लिए 66 हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों को नोडल बनाया गया है।

**खास बात**

- 30 अप्रैल तक पूर्ण करना है प्रवेश की प्रक्रिया

शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा के लिए प्रतिवर्ष स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा आवेदन की प्रक्रिया शुरु की जाती है। बीते वर्ष लगभग 1700 रिक्त सीटों में प्रवेश दिया गया था। इस वर्ष आरटीई के तहत प्रवेश देने वाले नियमों में राज्य सरकार के द्वारा बदलाव किए जाने की सीटों की संख्या घटकर 777 हो गई है और इन सीटों में प्रवेश के लिए आरटीई के पोर्टल के माध्यम से 31 मार्च तक आवेदन करना था। इसके तहत कोरबा जिले के 3 सौ स्कूलों के रिक्त निःशुल्क सीटों में प्रवेश के लिए 2300 आवेदन मिले हैं इन आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद 15 सौ आवेदन ऐसे हैं जो पूर्ण रुप से स्वीकृत किए गए हैं। इन्हीं आवेदनों में से प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के इस बार नियमों में बदलाव करते हुए नर्सरी स्कूल को आरटीई के दायरे से बाहर करते हुए केवल पहली कक्षा में ही अब प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा पहली के बाद आगे की कक्षाओं में आरटीई के रिक्त सीटों में भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।



फाइल फोटो

#### 777 सीटों में होगा प्रवेश

आरटीई के तहत 777 सीटों में ही प्रवेश दिया जाएगा। जिसके आवेदन 31 मार्च तक आरटीई के पोर्टल में दर्ज किए गए हैं। नोडल अधिकारियों के द्वारा 5 अप्रैल तक इन आवेदनों को एप्रूवल करना होगा।

- टी पी उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी

#### स्कूलों की संख्या हुई कम

नर्सरी स्कूलों को आरटीई के दायरे से बाहर किए जाने के बाद अब निजी स्कूलों की संख्या भी कम हो गई है। जहां आरटीई के तहत प्रवेश दिया जाएगा। जबकि जिले में निजी स्कूलों की संख्या 350 के लगभग है और जिनमें प्रवेश दिया जाएगा ऐसे स्कूलों की संख्या 300 के लगभग बताई गई है। बीते वर्ष की अपेक्षा स्कूलों और सीटों की संख्या कम होने से और आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण प्रवेश के लिए मारामारी मचेगी। इसके लिए नोडल अधिकारियों पर आवेदन जमा करने के बाद भी दबाव बढ़ने लगा है। 31 मार्च तक आवेदन जमा करना था एवं नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदित करने की तिथि 5 अप्रैल तय की गई है।

#### प्रवेश के समय देना होगा बीपीएल होने का शपथ पत्र

आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले छात्रों के अभिभावकों को बीपीएल राशन कार्ड के साथ बीपीएल हितग्राही होने का शपथ पत्र भी देना होगा। जिसे बनवाने के लिए कोर्ट और तहसील कार्यालयों में छात्रों के अभिभावकों को शपथ पत्र बनवाते हुए देखा जा सकता है। अभिभावकों के ऊपर शपथ पत्र की आड़ में आर्थिक भार पड़ने लगा है जबकि अभी प्रवेश की प्रक्रिया शुरु नहीं हुई है लेकिन शपथ पत्र पहले मांगा जा रहा है।

# आंशिक रुप से निरस्त की गई पैसेंजर यात्री ट्रेनें आज से फिर दौड़ेंगी पटरी पर



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत अकलतरा स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पूर्व में निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई यात्री ट्रेनों का परिचालन पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।

रिस्टोर की गई ट्रेनों में गाड़ी संख्या 68737 (रायगढ़–बिलासपुर) मेमू को 3 से 7 अप्रैल तक के लिए रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 68738 (बिलासपुर–रायगढ़) मेमू को 3 से 7 अप्रेल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 68736 (बिलासपुर–रायगढ़) मेमू को 3 से 6 अप्रेल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 68735 (रायगढ़–बिलासपुर) मेमू को 4 से 7 अप्रैल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 68746 (रायपुर–गेवरारोड) मेमू को 3 से 6 अप्रैल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 68745 (गेवरारोड–रायपुर) मेमू को 4 से 7 अप्रैल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 58204 (रायपुर–कोरबा) पैसेंजर को 3 से 6 अप्रैल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 58203 (कोरबा–रायपुर) पैसेंजर को 4 से 7 अप्रैल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 68734 (बिलासपुर–गेवरारोड) मेमू को 3 से 7 अप्रैल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 68733 (गेवरारोड–बिलासपुर) मेमू को 3 से 7 अप्रैल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 68732 (बिलासपुर–कोरबा) मेमू को 3 से 7 अप्रैल तक रिस्टोर कर दी गई है। गाड़ी संख्या 68731 (कोरबा–बिलासपुर) मेमू को 3 से 7 अप्रैल तक रिस्टोर कर दी गई है।

# सेल्समैन ने लाखों की लूट की शिकायत मामला निकला झूठा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा में कृष्णा हुंडई में सेल्समैन का काम करने वाला एक युवक सुबह थाने पहुंचा था और लाखों रुपए लूटने की शिकायत की थी। घटना सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आई और पुलिस ने पहले पीड़ित से ही पूछताछ की तो वह लगातार बयान बदलना शुरु कर दिया। जिससे पुलिस को यह हो स्पष्ट हो गया कि कोई भी लूटपाट की घटना नहीं है जब पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ किया। जिसपर उसने झूठी रिपोर्ट लिखाने की बात कबूल की। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में अमानत का कायनात का मामला दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मूलतः बिलासपुर निवासी प्रयांस देवांगन नामक युवक पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा में कृष्णा हुंडई में कलेक्शन का काम करता है। शुक्रवार की सुबह चांपा से 4 लाख 50 हजार रुपए लेकर कोरबा के लिए रवाना हुआ था और रास्ते में आने के दौरान गौ माता चौक के समीप पहुंचा था कि आधा दर्जन युवकों ने उसका रास्ता रोककर लूटपाट करने की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई थी लाखों रुपए लूट की सूचना पाते पुलिस के अधिकारी भी हरकत में आयी और पुलिस ने प्रयांश देवांगन से पूछताछ की तो उसने अपना बयान बार बार बदलना शुरु कर दिया। जिससे पुलिस के अधिकारियों को संदेह हुआ की लूटपाट की घटना हुई नहीं है और यह लगातार झूठी जानकारी दे रहा है। जिसके बाद पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि 4 लाख 50 हजार रुपए कंपनी के पैसे को स्वयं खर्च कर दिया है और कंपनी से बचने के लिए उसने यह झूठी रिपोर्ट लिखी थी जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और पुलिस ने मामले में प्रयांस देवांगन के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।



आरोपी

# शोभायात्रा के दौरान करतब दिखाते समय युवक-युवती झुलसे, अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ओमपुर से रजगामार के मध्य विशाल रैली का आयोजन किया गया था। रैली में झांकी के लिए दुर्ग से पार्टी को आमंत्रित भी किया गया था। पार्टी द्वारा बीच रास्ते में आग के गुब्बार निकालकर करतब दिखाया जा रहा था। इस दौरान ऐसा क्या हुआ कि करतब दिखाने वाला युवक व एक युवती बुरी तरह से झुलस गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी।

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र के ओमपुर से निकाली गई थी रैली

मामला रजगामार चौकी क्षेत्र का है। बताया जाता है कि ओमपुर से रजगामार के बीच आयोजन समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर एक रैली का आयोजन किया गया था। दुर्ग से पहुंचे कलाकारों के द्वारा झांकी भी निकाली गई। इस दौरान झांकी निकालने वाली टीम द्वारा मिट्टी तेल मुंह में डालकर लगातार करतब दिखाया जा रहा था। इस दौरान क्या चूक हुई कि आग की लपटे झांकी में शामिल योगेश्वरी साहू 20 वर्ष व दादू साहू नामक युवक बुरी तरह से झुलस गए हैं। आग लगने की घटना होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोग व पुलिस की मदद से आग पर काबू पाया गया और दोनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।



करतब दिखाता कलाकार।



हादसे में झुलसा युवक।

### जिला पंचायत सदस्यों की तरह काम का मांग रहे अधिकार

# जनपद सदस्यों ने डीएमएफ में कार्यों की मांग पर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला खनिज संस्थान न्यास मद के कार्यों के आवंटन में हो रहा भेदभाव को लेकर जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सदस्यों ने विरोध किया है। जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड़ के नेतृत्व में सदस्यों ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्वीकृति की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में सदस्यों ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा जिला पंचायत और जनपद के उच्च पदाधिकारियों के लेटरपैड पर तो कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं, लेकिन निर्वाचन क्षेत्र के जनपद सदस्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है। एक जनपद सदस्य औसतन 5 से 6 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी संभालता है। ग्रामीण क्षेत्रों की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए सीधे जनपद सदस्य के पास पहुँचती है, लेकिन बजट और कार्यों के अभाव में सदस्य लाचार महसूस कर रहे हैं। सदस्यों ने मांग की है कि खनिज न्यास के आवंटन में उन्हें भी प्राथमिकता दी जाए ताकि वे अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं का निराकरण कर सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान मधुरी सिंह, प्रकाश चंद जाखड़, आयुष तंवर, विजय दुबे, दुर्गेश डिक्सेना, शिवभरोश लकड़ा, ममता पुहुप, आनंद आयाम, संतोष मरावी, पवन पोया, जवाहर बिंझवार, छत्तर पाटले, फूलकुंवर पावले, कमला पेंड्रो, श्यामा पेंड्रो, भरत सिदार, तिवारी मराबी, साहेब लाल और रघुराज सिंह शामिल रहे।



#### कोरबा व करतला में हो चुका है विरोध

डीएमएफ के तहत स्वीकृत कार्यों के आबंटन में हो रहे भेदभाव को लेकर कोरबा व करतला जनपद पंचायत में भी सदस्यों ने विरोध किया है। कोरबा व करतला जनपद पंचायत में जनपद सदस्यों ने सामान्य सभा का बहिष्कार कर दिया था। उनका कहना था कि जिस तरह जिला पंचायत सदस्यों को अधिकार दिया गया है। उसी तरह डीएमएफ की कार्य स्वीकृत कराने जनपद सदस्यों को अधिकार दिया जाए। क्षेत्र में ऐसे कई छोटे छोटे कार्य हैं जिनके लिए ग्रामीण जनता उनके पास पहुंचती रहती है लेकिन फंड नहीं होने की वजह से वह जनता की मांग के अनुरुप कार्य नहीं करा पाते हैं।

# सड़क किनारे ठेला-गुमटी को लेकर विवाद, प्रशासन के निर्देश बेअसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरीकला

नगर में मुख्य सड़क चौड़ीकरण के बाद हटाए गए गुमटी और ठेला संचालक फिर से सड़क किनारे दुकान लगाने लगे हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही है और आपसी विवाद भी बढ़ रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा पूर्व में मुनादी कर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि सड़क किनारे दुकान लगाना प्रतिबंधित है और उल्लंघन पर जुर्माना व सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद कई दुकानदार नियमों को नजरअंदाज कर बेखौफ सड़क पर कब्जा जमाने लगे हैं। स्थिति यह है कि सड़क किनारे दुकान लगाने को लेकर दुकानदारों के बीच झगड़े भी सामने आ रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


Rera Registration No.
PCGRERA050625001938
Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।
अपने परिवार को नई रजिस्ट्री दरों का तोहफा देकर
अपने परिवार को दें एक ऐसा आसमां
जो दिल को भी भाए और जीवन को भी सजाए।
RERA APPROVED
1600 परिवारों का अटूट भरोसा
प्लाट की क़ीमत
14 लाख से 50 लाख तक
घर की क़ीमत
19.5 लाख से शुरू
AASMA BUILDERS & COLONISERS LTD.
Aasma City, Near Jain International School,
Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)
For More Details Contact
+91 9984999855
+91 9981620000
+91 9755855116
For more information scan this QR code

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन गुड शेड में लगे कॉपर केबल की हुई चोरी

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिश्रामपुर स्टेशन के नए गुड शेड की चार नंबर लाइन में लगे सिग्नल केबल चोरी के मामले को आरपीएफ ने तत्परता से सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है,गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुहेल अंसारी (21 वर्ष), निवासी नवागढ़, अंबिकापुर के रूप में हुई है, जो ट्रक का क्लीनर है। उसे गुरुवार को रेलवे के स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व बिश्रामपुर स्टेशन के नवीन गुड शेड की चार नंबर लाइन में ट्रेनों के संचालन के लिए लगाए गए तांबेयुक्त सिक्स-कोर केबल को अज्ञात चोरों ने काट कर पार कर दिया था। इस घटना के चलते उक्त लाइन का सिग्नल सिस्टम ठप्प हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ अंबिकापुर की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। आरपीएफ की टीम ने गुड शेड क्षेत्र में हाल ही में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आसपास सघन तलाशी अभियान चलाया गया। जांच के दौरान गुड शेड में खड़े एक ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 4795 के डाले में कटा हुआ केबल तिरपाल से ढका हुआ मिला।आरपीएफ ने ट्रक मालिक निहाल अहमद (निवासी पर्राडांड, अंबिकापुर) को बुलाकर पूछताछ की। बताया गया कि ट्रक चालक वाहन खड़ा कर घर चला गया था। इसके बाद क्लीनर सुहेल अंसारी से पूछताछ की गई, जिसने केबल काटकर ट्रक में छिपाने की बात स्वीकार कर ली।आरपीएफ ने आरोपी को रेलवे अधिनियम की धारा 3 (ए) आरपीयूपी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।कार्यवाही में आरपीएफ पोस्ट अंबिकापुर प्रभारी निरीक्षक सुनीता मिंज और उनकी पूरी टीम सक्रिय रही।घटना में शामिल ट्रक और केबल को भी आरपीएफ ने अपने कब्जे में लिया है।

### साइड देने के चक्कर में पलटी कार, महिला की मौत

अम्बिकापुर। बतौली थाना अंतर्गत ग्राम सरमाना निवासी बलधनी बाई पति जुगुन बिहारी (58 वर्ष ) दोपहर बेटा तिलेश्वर, बहू व चार वर्षीय पोता के साथ इलाज करने शहर आ रहे थे। जैसे ही कार सवार लुचकी घाट मंदिर के समीप पहुंचे तभी कार चला रहे तिलेश्वर ने विपरीत दिशा से आ रहे वाहन को साइड देने लगा। इसी बीच कार का पहिया सड़क किनारे पत्थर पर चढ़ जाने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट कई। कार पलटने से बलधनी बाई गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि सवार अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ समय बाद घायल बलधनी बाई की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### शटर का ताला तोड़ चोरों ने दुकान से पार किया नगदी व सामान

अम्बिकापुर। रजत गोयल ने कोतवाली में शिकायत किया है 1 अप्रैल की रात दुकान बंद करके कुछ फासले पर स्थित घर चले गया था। देर रात दो चोरों ने मुख्य मार्ग से लगे दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे नगदी 10 हजार रुपए के अलावा किराना सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह लगी जब संचालक दुकान पहुंचा तो देखा शटर का ताला टूटा और दुकान का सामान बिखरा हुआ है। दुकान में चोरी होने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। इसी बीच जब दुकान के समीप लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा तो देर रात दो युवक लाइट के उजाले में ताला तोड़ कर दुकान में दाखिल हुए और चोरी कर भागते नजर आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## निधन

### नानकराम भावनानी



**कोरबा।** पाली क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक/व्यवसायी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष नानक राम भावनानी का 3 अप्रैल को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। वे आनंद राम भावनानी के अनुज तथा गोविन्द भावनानी, संतोष भावनानी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भावनानी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा 4 अप्रैल को उनके निज निवास से 12:30 बजे मुक्तिधाम पाली के लिए प्रस्थान करेगी।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998



## माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर 108 बार गूंजा श्री हनुमान चालीसा पाठ

# श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया हनुमान प्राकट्योत्सव



हसदेव आरती करते आचार्य एवं श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री हनुमान प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा गुरुवार को माँ सर्वमंगला मंदिर घाट में श्री हनुमान प्राकट्योत्सव एवं हसदेव आरती का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूरे दिन चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही और घाट परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदान के संस्थापक शिव शंकर अग्रवाल रहे। वहीं विशिष्ट यजमान के रूप में जय नारायण देवांगन और मनीष कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। इसके अलावा पार्षद ईश्वर पटेल एवं रामकुमार साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सर्वप्रथम श्री हनुमान जी का पूजन और प्राकट्योत्सव मनाया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का 108 बार पाठ किया। इस दौरान पूरे परिसर में सिया वर रामचंद्र की जय और पवन सूत हनुमान की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दोपहर से शाम तक श्रद्धालुओं का मंदिर घाट पर लगातार आगमन बना रहा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थीं। सायंकाल 6 बजे हसदेव नदी तट पर भव्य हसदेव आरती का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हसदेव मैया की आरती में भाग लिया और नदी संरक्षण का संकल्प लिया। आरती के दौरान वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने हसदेव नदी के संरक्षण और स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला तथा सभी से नदी और जल स्त्रोतों को बचाने के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भोजराम देवांगन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, रणधीर पाण्डेय, यशवंत कुमार मिश्रा, रवि शंकर मिश्रा, प्रकाश सिंह चाहल, संजय पाण्डेय, भारत तिवारी, मनीष मैत्री, सत्यम शिवम शुक्ला, विजय नायक, लक्ष्मण गुप्ता, आशीष श्रीवास्तव, कमलकांत द्विवेदी, राकेश मिश्रा, विजेन्द्र चौहान, संतोष पाल, मानसिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर नमामि हसदेव सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर सुभाष ब्लॉक में हुई महाआरती



सुभाष ब्लॉक स्थित प्रसिद्ध दक्षिणमुखी पंचमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बाबा के दरबार में अलसुबह से रात्रि तक भक्तों की दर्शनार्थ भींड़ लगी रही। इससे पूर्व दोपहर 12 बजते ही केक काटकर संगीतमय भजन कीर्तन कर भक्तों द्वारा संकटमोचन हनुमान जी को जन्मोत्सव की बधाइयां दी गई। राम जी और हनुमान जी की स्तुति व आरती, जय सियाराम, जय हनुमान के जयकारों से समूचा मंदिर परिसर गूंज उठा। मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला।

### वनांचल में आयोजित हुई भव्य शोभायात्रा



वनांचल क्षेत्र में हनुमान जयंती पर हनुमान जी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिलगा-बरपाली में जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। हनुमान जी की आरती उतारी गई। शोभायात्रा में मार्ग मे जय श्रीराम और जय बजरंगी के जयकारों से गूंजता रहा। हनुमान जी की शोभायात्रा तौलीपाली में श्रीराम जानकी मंदिर से धूमधाम से शुरू हुई।यह कुदमुरा, हाटी,जिल्गा से होते हुए ग्राम बरपाली पहुंचकर संपन्न हुई।संतोष मिश्रा ने बताया कि हनुमान जी शक्ति, साहस और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक हैं। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता और भक्ति का संचार करना है। यात्रा के समापन पर महाआरती की गई और सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कुदमुरा में संतोष महाराज द्वारा हनुमान मन्दिर परिसर में सुबह हवन यज्ञ कर धार्मिक अनुष्ठानों से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। दोपहर बाद हनुमान जयंती का शुभारंभ किया गया। यात्रा के आगे ध्वजा पताका फहराकर चल रहे हिन्दू संगठनों के लोग हनुमान और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान करते चल रहे थे। शोभायात्रा में पूरा वनांचल जय श्रीराम और जय बजरंग बली के जयकारों से तौलीपाली, कुदमुरा,जिल्गा बरपाली में वातावरण गूंजता रहा।राम भक्तो ने जिलगा और बरपाली महाप्रसाद का वितरण भी किया गया।

### बांकीमोंगरा मे आयोजित हुआ भोग भंडारा



संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पूरे बांकीमोंगरा क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस विशेष उपलक्ष्य पर बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने विभिन्न क्षेत्रों के मंदिरों में पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। सुबह से ही नगर के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। अध्यक्ष श्रीमती झा ने अपने प्रवास की शुरुआत और समापन तक कई महत्वपूर्ण स्थलों पर उपस्थिति दर्ज कराई। सर्वप्रथम दीपका नगर पालिका क्षेत्र के शिव मंदिर में पहुंचकर हनुमान जी व शिव जी की पूजा-अर्चना की और वहां आयोजित विशाल भंडारे में सम्मिलित हुईं। तत्पश्चात वरिष्ठ नागरिक अशोक अग्रवाल एवं प्रदीप अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। वार्ड क्रमांक 25 गेवरा बस्ती के दशहरा मैदान में काली चरण अग्रवाल एवं परिवार द्वारा स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजन किया। इस धार्मिक प्रवास के दौरान पालिका अध्यक्ष के साथ महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से साथ रहीं जिनमें गौरी केंवट , शीला महंत ,माधुरी केंवट ,कविता यादव ,रोहिणी कश्यप ,कल्पना मिश्रा ,हेमा शर्मा । पूरे क्षेत्र में जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों के साथ माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

### रामपुर में निकाली गई शोभायात्रा

करतला विकासखंड के ग्राम रामपुर में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष की गौरवशाली परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह आयोजन धर्म जागरण समन्वय विभाग और सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। यात्रा मुख्य बस्ती से होते हुए संगम चौक पहुंची। इसके पश्चात कारवां दशहरा चौक, बस स्टैंड, प्रेमनगर, अर्धनारीश्वर चौक और बजरंग चौक से होते हुए वापस दशहरा चौक पर समाप्त हुआ। शोभायात्रा में जीवंत झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पवनपुत्र हनुमान के विशाल स्वरूप ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों की भीड़ ने जय श्री राम के नारों के साथ पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया।



# ध्यानचंद से रिस्दी चौक तक जर्जर सड़कों का बालको अपने मद से कराए निर्माण : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने ध्यानचंद से रिस्दी चौक तक जर्जर सड़कों का निर्माण बालको के द्वारा कराए जाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। पत्र में श्री अग्रवाल ने कहा है कि भारत एल्युमिनियम कम्पनी लिमिटेड बालको के भारी औद्योगिक उपयोग से ध्यानचंद चौक (दर्री बरॉज) से परसाभाठा चौक होते हुए रिस्दी चौक तक की सड़क अत्यंत जर्जर सड़क उपयोग 90 प्रतिशत का उयोग बालको प्रबंधन द्वारा किया जाता है।

**खास बात**

- पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रतिदिन इस मार्ग में बालको के हजारों वाहन एल्युमिनियम पावडर, कोयला, एल्युमिनियम उत्पाद, फ्लाईएश एवं भारी मशीनरी के परिवहन हेतु दौड़ते हैं, जिसके कारण कम क्षमता से बनी सड़क जर्जर और जीवन सुरक्षा के ध्येय से अत्यंत खतरनाक हो चुकी है। अत्यधिक भारी औद्योगिक वाहनों के दबाव के कारण सड़क के साथ-साथ पुलों की स्थिति भी खतरनाक और जर्जर हो रहे हैं। बालको की अनदेखी का दुष्परिणाम आम जनता भुगत रही है और लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। इस मार्ग पर स्थित बेलगिरी नाला एवं ढेंगुरनाला का पुल सहित अन्य छोटे पुल भी अत्यंत जर्जर एवं जोखिमपूर्ण स्थिति में आ गए हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।



जयसिंह अग्रवाल

श्री अग्रवाल ने कहा है कि वर्तमान में बालको परियोजना विस्तार के लिए 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक का निवेश करने जा रहा है। ऐसी स्थिति में सड़कों एवं पुलों में औद्योगिक दबाव और बढ़ेगा। आपसे अपेक्षा है कि उक्त मार्ग की सड़क एवं पुल-पुलियों का निर्माण बालको अपने मद से शीघ्र करे और क्षमतानुरूप सड़क और पुल-पुलियों का पुनर्निर्माण करे। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जिला प्रशासन और बालको प्रबंधन के मध्य उच्चस्तरीय बैठक कराने आप निर्देशित करें तथा बालको उक्त कार्यों के लिए अपने मद से राशि स्वीकृत करे और उक्त कार्यों का पुनर्निर्माण करे ताकि प्रत्यक्षरूप से जुड़े यह कार्य जनसुरक्षा, जनहित और औद्योगिक हित के लिए सुरक्षा मानक तय कर सके।

### किसान छेदूराम ने कोसा उत्पादन से अर्जित किए 6 लाख रुपये

**कोरबा।** जिले के विकासखण्ड कटघोरा के ग्राम सलोरा निवासी छेदूराम ने रेशम विभाग के सहयोग से सफलता की एक नई इबारत लिखी है। बीपीएल परिवार से ताल्लुक रखने वाले और बिना किसी कृषि भूमि वाले छेदूराम के लिए कोसा उत्पादन ही उनकी आजीविका का मुख्य सहारा है। पिछले 15 वर्षों से रेशम विभाग के साथ निरंतर कार्य करते हुए उन्होंने और उनके परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर कोसा कृमिपालन को अपनी आय का सशक्त जरिया बनाया है। इस वर्ष कोसा बीज केन्द्र कोरबा में कृमिपालन करते हुए छेदूराम ने तीन फसलों के दौरान कुल 1,73,733 नग कोसा का उत्पादन किया। इस शानदार उत्पादन के बदले उन्हें 6,30,816 रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिसका भुगतान विभाग द्वारा सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया गया है। छेदूराम ने रेशम विभाग के मार्गदर्शन में कार्य की बारीकियों को बहुत गहराई से सीखा और आज एक उत्कृष्ट कृषक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। कोसा उत्पादन के खाली समय में वे विभाग में मजदूरी और मत्स्य आखेट का कार्य भी करते हैं। श्री छेदूराम अब अन्य हितग्राहियों के लिए एक प्रेरणा बन गए हैं।

# प्रेम रूपी बंधन में ही बंधते हैं भवसागर से पार लगाने वाले भगवान : पं.देवकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भवसागर से पार लगाने वाले भगवान को किसी भी रस्सी से नहीं बांधा जा सकता, भगवान प्रेम रूपी बंधन में बंधते हैं। मां यशोदा द्वारा रस्सी से बांधने में विफल रहने पर नटखट कान्हा जी अपनी मां यशोदा की पीड़ा, परेशानी को कम करने प्रेम रूपी रस्सी से बंध गए । इसलिए हमें आजीवन भगवान को प्रेम रूपी बंधन में बांधने प्रयत्नशील रहना चाहिए इसी में हमारे जीवन का कल्याण निहित है।

**खास बात**

- पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में बह रही भक्ति की बयार

उक्त बातें टेमर सक्ती से पधारे पंडित देवकृष्ण शर्मा ने रवि शंकर शुक्ल नगर कोरबा स्थित कपिलेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में बयचंद साहू, श्रीमती अनिता साहू द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पांचवे दिवस गुरुवार को भगवान कृष्ण की बाल लीला कथा प्रसंग के दौरान कही। कथाव्यास पं.देवकृष्ण शर्मा ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि जो स्वयं बंधन में रहकर दूसरों को बंधन से मुक्त कर दे वही भगवान हैं। जिस तरह लीलाधर ने अपनी बाललीला के दौरान मां यशोदा द्वारा ओखली से बांधा जाना स्वीकार करने के उपरांत उसके सहारे श्रापगत पेंड के रूप में जड़जीवन जी रहे कुबेर के पुत्र मणिग्रीव और नलकुबर को पेड़ को जड़ समेत उखाड़कर देवर्षि नारद के श्राप से मुक्त कराया। कथव्यास श्री शर्मा ने भगवान कृष्ण के माखनचोरी की बाल लीला कथा का प्रभावपूर्ण वर्णन कर उपस्थित श्रोताओं को आनंदित कर दिया गया। संगीतमय कथा प्रसंग के दौरान कथास्थल पर ही माखनचोरी की मनोहारी झांकी निकाली गई। जिसमें लीलाधर माखनचोर की टोली ने माखन चुराकर श्रोताओं को आनंद उल्लास से सराबोर कर दिया। मां सरस्वती की विशेष कृपा प्राप्त स्वर के धनी कथाव्यास पं.देवकृष्ण शर्मा के कथाप्रसंग के बीच मनोहारी संगीतमय भजन की प्रस्तुति से श्रोतागण कथास्थल पर ही झूम रहे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरिकृपा तक आयोजित की जा रही। उक्त पुनीत आयोजन से पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में भक्ति की बयार बह रही है।



भगवत कथा करते आचार्य एवं झांकी में शामिल बच्चे।

# अधीक्षण अभियंता को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मड़वा के अधीक्षण अभियंता अमिताभ शुक्ला सेवानिवृत्त हो गए हैं उनके सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई है। मार्च माह में श्री शुक्ला एबीवीटीपीएस मड़वा से सेवानिवृत्त हुए। संस्था के कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित विदाई समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अभियंता एचएन. कोसरिया ने की। उन्होंने अमिताभ शुक्ला के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए पावर कंपनी की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। मुख्य अभियंता के हाथों उन्हें स्मृति चिह्न एवं सेवा प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरएल. ध्रुव, एसडी. द्विवेदी और एन. लकरा की उपस्थित रहे। समारोह में अधीक्षण अभियंता क्रिस्टोफर एक्का, धमेंद्र बंजारे, आरके. नायक, एसके. तारेंद्र, जेके. गायकवाड़, वायके. पाटिये, मुख्य रसायनज्ञ उत्तम चंद्रवंशी एवं अभय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हितग्राहियों को 6 बार लगाना पड़ेगा, अंगूठा 3 माह का मिलेगा चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गरीबी रेखा कार्डधारियों को प्रशासन ने तीन माह का चावल एकमुश्त देने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था ने नई दिक्कत खड़ी कर दी है। प्रत्येक हितग्राही को पीओएस मशीन में 6 बार अंगूठा लगाना पड़ेगा, जिससे वितरण प्रक्रिया लंबी और जटिल हो गई है। इससे न केवल कार्डधारियों को अधिक समय लगेगा। बल्कि राशन दुकानदारों की परेशानी भी बढ़ जाएगी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्राथमिकता वाले परिवारों को प्रशासन ने तीन माह का चावल एक साथ देने की घोषणा की गई है। पहली नजर में यह फैसला हितग्राहियों के लिए सुविधाजनक लग रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसकी प्रक्रिया लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक कार्डधारी को राशन प्राप्त करने के लिए पीओएस मशीन में बार-बार बायोमेट्रिक सत्यापन कराना पड़ रहा है। एक ही बार में तीन माह का राशन जारी होने और सीजीएफएसए, एफएसए योजना के अलावा शक्कर और नगर वितरण करने के कारण मशीन में 6 बार अंगूठा लगाने की अनिवार्यता ने प्रक्रिया को धीमा और थकाऊ बना दिया है। इससे राशन दुकानों में लंबी कतारें लग रही हैं और वितरण में काफी समय लग रहा है। राशन दुकानदार भी इस नई व्यवस्था से जूझेंगे।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### विद्युतीकरण कार्य का 6 माह से नहीं हुआ मूल्यांकन कार्य

**कोरबा।** जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नवनिर्मित भवनों में विद्युतीकरण का मूल्यांकन कार्य कमीशन के चलते 6 माह से अटका पड़ा है। उप अभियंता के इस मनमानी से जहां पंचायतों का भुगतान महीनों से अटका है, वहीं सरपंच भी खासे परेशान है, कारण वेंडर और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के पेमेंट के लिए उन पर दबाव बढ़ता जा रहा है, जिससे वे मानसिक परेशानी से गुजर रहे है। सरपंचों ने बताया कि पंचायतों में स्वीकृत पीडीएस भवन, आंगनबाड़ी, स्कूल सहित अन्य भवन निर्माण के काम 6 माह से पूर्ण हो चुके है और उन भवनों में विद्युतीकरण का कार्य भी कराया जा चुका है, लेकिन भवन निर्माण में इलेक्ट्रिशियन से जुड़े कामों के मूल्यांकन को लेकर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग पाली में पदस्थ इंजीनियर की मनमानी के चलते कामकाज समय पर नहीं हो पा रहा है। इंजीनियर द्वारा कमीशनखोरी की मंशा लेकर समय पर बिजली कार्यों का मूल्यांकन और मापन नही करने से फाइलें लंबित है और इसके अभाव में नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया महीनों बीतने बाद भी पूरी नहीं हो पा रही है। इससे पंचायतों में निर्माण कार्यों की गति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। सरपंचों का आगे कहना है कि पहले पंचायतों में इलेक्ट्रिक का काम नही रहता था, लेकिन अब हर पंचायतों में निर्माण होने वाले भवनों में इलेक्ट्रिक का काम अनिवार्य है, लेकिन एक इंजीनियर के भरोसे काम, ऊपर से मूल्यांकन करने में हील हवाला से भुगतान महीनों लंबित होने के साथ समय पर भवन जनता के लिए उपलब्ध नही हो पा रहा, जिसका सीधा असर ग्राम विकास पर पड़ रहा है।

### दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना बनी सहारा

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण हेतु प्रभावी और संवेदनशील पहल की जा रही है। विशेष रूप से श्रमवीरों एवं भूमिहीन कृषि मजदूरों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाएं उनके जीवन में व्यापक परिवर्तन ला रही हैं। राज्य सरकार की नीतियों का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर तक विकास का लाभ पहुंचाना है, जिससे हर परिवार आत्मनिर्भर और सशक्त बन सके। इसी दिशा में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना भूमिहीन परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार बनकर उभरी है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है, जिससे उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं को भी बल मिल रहा है। जिले के ग्राम भुलसीडीह निवासी मनोज खूंटे इस योजना के लाभान्वित हितग्राहियों में से एक हैं। उन्होंने बताया कि पहले उनका जीवन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा था। भूमिहीन होने के कारण उनके पास आय का कोई स्थायी स्त्रोत नहीं था और वे मजदूरी कार्य पर ही निर्भर थे। सीमित आय के चलते परिवार का भरण-पोषण करना, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना उनके लिए बड़ी चुनौती थी।

### एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन एटक बालको का सम्मेलन

**कोरबा।** एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) का 52वां वार्षिक सम्मेलन मुस्ताक भवन एटक कार्यालय बालको में संपन्न हुआ। एटक के सचिव कामरेड एमएल रजक के द्वारा झंडा तोलन किया गया। इसके पश्चात अध्यक्ष मंडली के नाम की घोषणा हुई। अध्यक्ष मंडली में कामरेड एसके सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, कामरेड एचएन सिंह, कामरेड एमएल रजक शामिल हुए। यूनियन के महासचिव सुनील सिंह के द्वारा प्रतिवेदन कार्यकारिणी के समक्ष रखा गया। प्रतिवेदन में वर्ष 2025 में मजदूर हित में किए गए कार्य यूनियन को मजबूत करने के लिए अपनी बात रखी और आने वाले समय में कुछ मांगों को लेकर आंदोलन में जाने का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी लोगों ने इस प्रतिवेदन पर सहमति दिए और सभी ने प्रतिवेदन पर अपना विचार रखते हुए और मजदूरों के शोषण के खिलाफ वेतन, सामाजिक सुरक्षा को लेकर सभी ने एकता के साथ संघर्ष करने की बात कही। सर्वसम्मति से सम्मेलन के अंत में पदाधिकारीयों का चयन हुआ जिसमें बालको एटक के महासचिव सुनील सिंह को चुना गया।

## पुलिस की उदासीनता, रोज लग रहा जाम...





**कोरबा** । ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित काफ़ी हाउस के पास वाले चौक पर दर रोज ही शाम के समय ऐसा जाम लगता है,वजह है टैक्सी स्टैंड के सामने वाली सडक पर लगने वाले पान, एंव चिकन के ठेले और गुमटी,रोज शाम यहाँ बड़ी संख्या मे लोग आते है और अपनी दुपहिया वाहनों को सडक पर ही खड़ा कर देते है जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है,ना पुलिस वालों को इससे कोई सरोकार है ना तेला गुमटी लगने वालो को ,जबकी यह स्थान टी पी नगर चौक पर स्थित पुलिस चौकी से चंद कदम ही दूर है।

### अग्रवाल सभा कोरबा की चुनाव 2026-28 की अधिसूचना जारी

**कोरबा।** अग्रवाल सभा कोरबा के चुनाव 2026-28 के चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी सीए आशीष खेतान के द्वारा अधिसूचना जारी की गई जिसमें 4 अप्रैल को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन, 8 अप्रैल दावा व अपत्ति, 10 अप्रैल अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, 19 अप्रैल प्रातः 12 बजे नामांकन पत्रों का विक्रय, दोपहर 1 बजे तक नाम नामांकन पत्रों दाखिल किया जायेगा। दोपहर 2 बजे तक नाम नामांकन पत्रों का निरीक्षण एवं सूची का प्रकाशन, दोपहर 4 बजे तक नाम वापसी पश्चात अंतिम प्रत्याशियों की सुची का प्रकाशन 21 अप्रैल अग्रसेन भवन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान सुबह 10 बजे से 4 बजे तक (मतदान समाप्ति के 1 घंटे बाद अग्रसेन भवन में मतगणना पश्चात परिणाम की घोषणा) की जायेगी।

### गर्मी के बढ़ने से जवानों का बढ़ने लगा टेंशन

# वर्षों से वनांचल के थानों में जमे आरक्षक पहुंचे यातायात थाना, सड़कों पर हो रही है ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्षों तक वनांचल क्षेत्र के थानों में जमे आरक्षकों को पहली बार शहरी क्षेत्र के थाना व यातायात थाने में पोस्टिंग का मौका मिला है। यातायात में वर्षों से पदस्थ 19 आरक्षकों का थोक के भाव में तबादला हुआ है। अब धीरे-धीरे जिन आरक्षकों का स्थानांतरण यातायात में हुआ है। वे अपनी आमद यातायात थाना में दे रहे हैं। यातायात में आने के बाद चौक चौराहों में तैनात हुए आरक्षक थोड़ा परेशानी जरुर झेल रहे हैं क्योंकि गर्मी के समय उनकी तैनाती हुई लेकिन धीरे धीरे बाद में उन्हें यह काम बेहतर लगने लगा है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग में कसावट लाने की मनसा से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पिछले दिनों थोक के भाव में तबादला किया था जिसमें बड़ी संख्या में आरक्षकों को इधर से उधर किया गया था। इसी कड़ी में यातायात थाने में जमे हुए 19 आरक्षकों को भी थाने में पोस्टिंग की गई है तो वहीं जो आरक्षक वर्षों से वनांचल क्षेत्र थानों में अपनी तैनाती गुजार रहे थे उन आरक्षकों को पहली बार शहर व यातायात में पोस्टिंग मिली है। निश्चित तौर पर कप्तान ने आरक्षकों को काम करने का मौका दिया है लेकिन पिछले कई वर्षों तक यह जवान जंगलों के थानों में ही अपनी पोस्टिंग काट रहे थे। अब अचानक से यातायात थाने में उनकी पोस्टिंग हो जाने से शुरुआती दौर में उन्हें कुछ काम रास नहीं आ रहा है। दबी जुबान पर आरक्षक का भी कह रहे हैं क्योंकि इन दिनों गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है और शहर की व्यस्ततम चौक चौराहे जैसे टीपी नगर, सोनालिया चौक में ड्यूटी करना कुछ आसान काम नहीं है वह भी शुरुआती के दिनों में क्योंकि इस स्थान में मंझे हुए आरक्षकों को यहां तैनात करना होता है शुरुआती दिनों में जो नई पोस्टिंग हुई है उन आरक्षकों को खासी परेशानी हो रही है लेकिन धीरे-धीरे यह आरक्षक अपना काम सीखते चले जाएंगे और शहर के भीतर यातायात के कामों में आनंद लेने लगेंगे।



ड्यूटी में तैनात यातायात जवान।

#### गर्मी में सबसे ज्यादा होती है परेशानी

अप्रैल का महीना शुरू हो चुका है और पर डिग्री 40 के करीब पहुंचने लगा है। आने वाले दिनों में जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी व तापमान भी बढ़ेगा। मई और जून में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। इस दौरान यातायात के जवानों को सबसे ज्यादा चौक चौराहों में ड्यूटी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि इस दौरान ही उन्हें धूप में खडा रहना पड़ता है और धूप में खड़े होने की वजह से उन्हें पानी की कमी और बीमार भी हो जाते हैं। जो नए जवानों की यातायात थाने में तैनाती हुई है अब उन्हें चिंता सता रही है कि गर्मी के दिनों में वह ड्यूटी कैसे करेंगे। घंटों धूप में खड़े रहना पड़ रहा है। उनका चिंता लाजिमी है लेकिन धीरे-धीरे जब काम सिखने लगेंगे तो काम पूरा हो जाएगा। पूर्व में यातायात में पदस्थ जवानों को पुलिस अधीक्षक द्वारा पानी की बोतल और चश्मा भी उपलब्ध कराया गया था ताकि गर्मी के दिनों में जवानों को कोई परेशानी ना हो। आने वाले कुछ दिनों में फिर से जवानों को पानी उपलब्धता बनी रहे और धूप से उन्हें कैसे बचाया जा सके इस दिशा पर भी पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रयास किया जा सकता है।

## कोलइंडिया के चेयरमैन ने कुसमुण्डा मेगा प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण



व्यू पाइंट में खदान की जानकारी जुटाते कोलइंडिया चेयरमेन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन बी साईंराम अपने तीन दिवसीय दौरे पर एसईसीएल पहुंचे। दौरे के प्रथम चरण में वे रायपुर एयरपोर्ट से सीधे गेवरा हाउस पहुंचे, जहां से उन्होंने कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट का दौरा किया। इस दौरान एसईसीएल के सीएमडी हरिश दुहन उनके साथ उपस्थित रहे। दौरे के दौरान चेयरमैन ने नीलकंठ साकार व्यू पॉइंट से खदान का अवलोकन करते हुए माइन प्लान, चालू वित्त वर्ष के उत्पादन लक्ष्य, मूल्यांकन रणनीति एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। इसके उपरांत उन्होंने एनआईएमएल पैच का दौरा कर खनन गतिविधियों का निरीक्षण किया। साथ ही एफएमसी सिस्टम, साइलो उपयोग, डिस्पैच प्रक्रिया एवं भविष्य की एवाक्युएशन योजनाओं की समीक्षा की। कुसमुंडा व्यू पॉइंट पर भी जाकर उन्होंने समग्र ऑपरेशनल परिदृश्य का आकलन किया। दौरे के दौरान एसईसीएल के निदेशक तकनीकी, संचालन एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरंची दास, निदेशक डी. सुनील कुमार, निदेशक रमेश चंद्र महापात्र एवं क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। दौरे के दौरान चेयरमैन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

**खास बात**

- तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंचे चेयरमेन श्री साईराम

#### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया सम्मानित



एसईसीएल के कुसमुंडा क्षेत्र में अपने दौरे के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन बी. साईंराम ने विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर 42 सीयूएम शॉवेल ऑपरेटर, डोजर ऑपरेटर, डम्पर ऑपरेटर, ड्रिलर, हाइड्रोलिक शॉवेल मेंटेनेंस स्टाफ, रिपेयर टीम सहित विभिन्न संवर्गों के कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, कोल इंडिया एवं सार्वजनिक उपक्रमों के खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

## दो सूने मकानों में चोरों का धावा, लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो सूने मकानों में चोरों ने धावा बोलकर स्वर्ण आभूषण सहित नकदी रकम की चोरी कर ली है। घटना के सामने आने के बाद पुलिस की टीम हरकत में आयी और पुलिस के आला अधिकारी व फॉरेंसिक व डॉग स्वाक्ड की टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का बारीकी का निरीक्षण किया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। हालांकि पुलिस को चोरों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस का कहना है कि पुलिस जल्द ही आरोपियों के गिरेबान तक पहुंच जाएगी। मामला दर्री थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेलगांव में पॉवर सिटी आवासीय परिसर के दो मकानों को चोरों ने निशाना बनाया। यहां से सोना-चांदी सहित नगदी और अन्य सामान पार कर दिए गए। यह सब तब हुआ जब सुरक्षा व्यवस्था के लिए यहां बहुत कुछ किया गया है।इस कालोनी में रहने वाले एचपी पटेल और श्री द्विवेदी के मकान को चोरों ने टारगेट किया। ताला तोडक़र भीतर से महंगे आभूषण, नगदी और अन्य सामानों को चोरों ने समेट लिया। सूचना देने पर दर्री थाना प्रभारी आशीष सिंह दलबल सहित मौके पर पहुंचे और आला अधिकारियों के आदेश पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट व डाग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और चोरों की छानबीन में जुटी हुई है।



## बड़े भाई ने जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई की पीट पीटकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच दो सालों से विवाद चल रहा था। शराब के नशे में दोनों भाइयों के बीच फिर से विवाद हो गया था और बड़े भाई ने अपने छोटे भाई को पीट पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया है। जिसके बाद उसे उपचार के लिए पड़ोसी जिला पेंड्रा लेकर गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। वहीं पुलिस हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले बड़े भाई की खोजबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेनहा में हत्या की वारदात सामने आई है। बताया जाता है कि यह निवासरत कल्याण यादव उम्र 35 वर्ष और उसके छोटे भाई रामदयाल यादव उम्र 30 वर्ष के बीच पिछले 2 सालों से जमीन बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों में विवाद चल आ रहा था बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर दोनों भाई शराब के नशे में धुत्त थे और बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों में फिर से विवाद हुआ था और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बड़े भाई कल्याण यादव ने अपने छोटे भाई रामदयाल यादव को पीट पीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने रामदयाल यादव को गंभीरावस्था में उपचार के लिए गौरेला में दाखिल कराया गया। जहां देर शाम को इलाज के दौरान रामदयाल की मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलने पर पसान पुलिस ने कल्याण यादव के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## संजीवनी कर्मियों के कार्यस्थल में फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले को एक तरफ नई संजीवनी एक्सप्रेस की सौगात मिली है, दूसरी ओर पूर्व कार्यरत संजीवनी कर्मियों के कार्यस्थल में फेरबदल किया गया है। जिसे लेकर कर्मियों में आक्रोश है। जिसकी शिकायत उन्होंने मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी से की है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि वर्तमान कार्यरत 108 संजीवनी कर्मचारी विगत 15 वर्ष से जिले में यथा स्थिति व स्थान पर ड्यूटी कर रहे हैं। नया टेंडर जीवी के ईएमआरई जिन हेल्थ सर्विसेस जीन हेल्थ सर्विसेस के द्वारा ड्यूटी की स्थिति जारी की गई है। जिसमें कर्मचारियों का फेरबदल किया गया है। कर्मियों का कहना है कि ट्रेनिंग के दौरान यह कहा गया था कि कर्मचारी वर्तमान में जिस जिला में ड्यूटीरत है, उसे उसी जिला व लोकेशन में ड्यूटी प्रदान की जाएगी। डेढ़ दशक से काम कर रहे कर्मचारी अपनी फैमली लेकर ड्यूटी स्थल पर रह रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई लिखाई से लेकर दैनिक दिनचर्या सेटल हो गई है। कर्मियों का कहना है कि कंपनी द्वारा गुमराह कर ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने कर्मियों को यथा स्थान पर सेवा जारी रखने की मांग की है।

**खास बात**

- मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी से शिकायत



विरोध प्रदर्शन करते संजीवनी कर्मी।

## सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटी मजदूर की बेटी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर क्षेत्र के परसाभाठा वार्ड की होनहार व मजदूर रामचरण दिनकर की बेटी रागिनी दिनकर सब इंस्पेक्टर बनने के बाद चन्द्रखुरी में ट्रेनिंग पूरी कर गुरुवार को घर लौटी। इस दौरान हर्ष के माहौल हो गया। पार्षद बद्री किरण समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी पहुंचे। उन्होंने रागिनी समेत पूरे परिवार को बधाई दी। वहीं गाजे-बाजे के बीच माला पहनाकर और बुके देकर रागिनी का स्वागत किया। इस दौरान वार्ड पार्षद बद्री किरण ने रागिनी की प्रशंसा करते हुए कहा की एक गरीब परिवार की बेटी ने विपरीत परिस्थिति में अपने लगन व मेहनत से सब इंस्पेक्टर बनकर परिवार के साथ ही पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया, साथ ही वह गरीब बच्चों के लिए खासकर लड़कियों के लिए प्रेरणा बन गई है। रागिनी ने इस अवसर पर पार्षदों के साथ ही परिवार व वार्डवासियों का आभार व्यक्त किया।



सब इंस्पेक्टर बनने के बाद बधाई देते परिजन एवं अन्य।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411